Modal Learners/ Study Centers

दूरस्थ शिक्षा का मुख्य उद्देश्य स्व–अध्ययन को बढ़ावा देना है। परन्तु नियमित face to face शिक्षण के अभाव में दूरस्थ पद्धति के पढ़ाई करने वाले शिक्षार्थियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। शिक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान कर उनको सहायता करना इस केन्द्र का मुख्य उद्देश्य है। जिसमें सुविधाओं और गतिविधियों का एक समूह शामिल है, जिसका उद्देश्य शिक्षार्थियों के लिए शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया को आसान और अधिक रोचक बनाना है।

पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि. छत्तीसगढ़ के मुख्यालय में स्थापित प्रत्येक विभाग उस विषय के Modal Learning Study Center में अकादमिक शिक्षा जिसमें पढ़ने, लिखने, अध्ययन, कौशल तथा विद्यार्थियों की अन्य समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही केन्द्र विद्यार्थियों को उनके कैरियर के लिए भी प्रोत्साहित करेगा।

उद्देश्य :–

1. शिक्षार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा हेतु अनुकूल वातावरण तैयार करना।
2. शिक्षार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा पद्धति को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए।
3. शिक्षार्थियों को अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रेरित करना।
4. नये शिक्षार्थियों को उनके कैरियर के लिए जागरूक करना।
5. समाजीकरण को प्रोत्साहित करना और टीम वर्क और टीम भावना को बढ़ावा देना और शिक्षार्थियों के शैक्षिक मानकों में सुधार।

कार्य :–

1. नये शिक्षार्थियों को उनके विषय से परिचित करना।
2. समय–समय पर शिक्षार्थियों को उनके विषय से संबंधित परामर्श प्रदान करना।
3. विश्वविद्यालय के समस्त अध्ययन केन्द्रों पर निर्धारित समय पर परामर्श

कक्षाओं / सम्पर्क कक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित करना।

4. विश्वविद्यालय के समस्त अध्ययन केन्द्रों पर निर्धारित समय पर प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित करना।

5. शिक्षार्थियों की समस्याओं / शिकायतों का निवारण एवं परामर्श उपलब्ध कराना।

संचालन प्रणाली :–

छात्र सहायता केन्द्र मॉडल एक त्रि – स्तरीय प्रणाली है–मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय और अध्ययन केंद्र ।

- ज्ञान के प्रभावी अपव्यय और दूरस्थ शिक्षार्थियों के अलगाव की भावना को कम करने के लिए नियोजित शिक्षण–अधिगम रणनीतियों में विश्वविद्यालय द्वारा अनुमादित अध्ययन केंद्रों में रविवार को परामर्श कक्षाओं का आयोजन करना।
- दूरस्थ शिक्षार्थियों को प्रवेश, परामर्श / संपर्क कक्षाओं का आयोजन, सत्रीय कार्य लेखन, आंतरिक परीक्षण, परीक्षा, शिक्षण अभ्यास आदि के बारे में बहुत सारे प्रश्न पूछने पड़ते हैं, इसलिए मुख्यालय में छात्र सहायता केन्द्र में टेलीफोन सुविधाओं के साथ जिज्ञासा को शांत करना।
- प्रत्येक शैक्षणिक कार्यक्रम की शुरूआत में केन्द्र द्वारा एक परिचय – सह–अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। प्रवेश के समय दिए गए इस प्रकार के अभिविन्यास और मार्गदर्शन से शिक्षार्थियों को सिस्टम, विवेचन कार्यक्रमों से अवगत कराया जाना है और उनकी कठिनाइयों का आकलन किया जाना है।

संगठन :–

विभागाध्यक्ष – अध्यक्ष

विभाग के शिक्षक – सदस्य

Anisha
15/07/21